आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 11.08.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तरकाशी के धराली और हर्षिल में आपदा के बाद पेयजल, खाद्यान्न, बिजली सहित अन्य सुविधाएं बहाल करने का कार्य जारी।
- गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर लिमच्यागाड़ में आपदा से क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर बेली ब्रिज का निर्माण पूरा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धराली आपदा में क्षतिग्रस्त निजी और सार्वजनिक संपत्ति के आकलन को सात दिन में तैयार करने के निर्देश दिए।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज भारी बारिश की संभावना।
- कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पांचवां और अंतिम दल गूंजी पहुंचा।

राहत और बचाव अभियान

उत्तरकाशी धराली आपदा में लापता लोगों की तलाश और प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल, खाद्यान्न, बिजली सहित अन्य सुविधाएं बहाल करने का कार्य तेज़ी से जारी है। हर्षिल की माइक्रो हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना से बिजली उत्पादन शुरू हो गया है और आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है। भागीरथी नदी पर बनी झील से पानी की निकासी के लिए उत्तराखंड जल विद्युत निगम की टीम मौके पर पहुंची है। वहीं, डॉग स्क्वाड जीवन के संभावित संकेत तलाश रहा है और मलबा हटाकर भवनों की सुरक्षित जांच की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस बल धराली व हर्षिल भेजा गया है और फ्लड कंपनी के जवान पैदल आपदाग्रस्त मार्गों की ओर बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सभी टीमें समन्वय के साथ बचाव कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि अगले दो दिनों के भीतर सड़क सेवाएं भी बहाल हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि आपदा से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए समिति गठित की गई है, ताकि प्रभावित लोगों को राहत प्रदान की जा सके।

बेली ब्रिज निर्माण पूरा

गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर लिमच्यागाड़ में आपदा से क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर बेली ब्रिज का निर्माण तीन दिनों में पूरा कर लिया गया है। इससे डबरानी पुल तक सड़क संपर्क बहाल हो गया है और आगे के क्षतिग्रस्त हिस्सों के पुनर्निर्माण का रास्ता खुल गया है।

हाल की अतिवृष्टि में लिमच्यागाड़ पर बना 30 मीटर लंबा पुल बह गया था, जिससे सीमांत टकनौर क्षेत्र की लाइफलाइन कही जाने वाली सड़क पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मौके पर पहुंचकर राहत, बचाव और पुनर्निर्माण कार्यों को युद्धस्तर पर चलाने के निर्देश दिए थे और इनकी लगातार निगरानी की।

इस बीच, राज्य व केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और एजेंसियों के समन्वय से आपदा प्रभावित क्षेत्रों में संचार, बिजली और पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धराली आपदा में क्षतिग्रस्त निजी और सार्वजनिक संपत्ति के आकलन को सात दिन में तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रारंभिक रिपोर्ट आठ विभागों से मिल चुकी है और आकलन तैयार होते ही इसे भारत सरकार को भेजा जाएगा। उन्होंने धराली सहित राज्य के सभी आपदाग्रस्त क्षेत्रों में तात्कालिक सहायता वितरण कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा और नकारात्मक प्रचार से बचने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि धराली में ध्वस्त हुए कल्प केदार देवता मंदिर का पुनर्निर्माण होगा और प्रभावितों का बेहतरीन विस्थापन किया जाएगा। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों में जुटी सरकारी मशीनरी तथा रक्षाबंधन पर भी डटे रहे कार्मिकों की सराहना करते हुए जन सहयोग की अपेक्षा जताई।

श्री धामी ने जिलाधिकारी को 108 बेघर परिवारों के लिए रहने, भोजन, दवाइयों और आवश्यक सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था करने के लिये आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने धराली आपदाग्रस्त क्षेत्र के चैनलाइजेशन के लिए आईआईटी रुड़की और अन्य एजेंसियों के जियोलॉजिस्ट की टीम भेजने को कहा।

समीक्षा

हर्षिल–धराली आपदा के बाद राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा करने के लिए गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे और पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरूप ने आपदा कंट्रोल रूम का दौरा किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

प्रभावित क्षेत्रों में सूखा राशन, स्वास्थ्य सुविधाएं और सुरक्षित ठहरने की व्यवस्था लगातार की जा रही है। कमिश्नर ने पुनर्स्थापना, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और खाद्य आपूर्ति की समीक्षा करते हुए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य बचाव दलों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। साथ ही एजेंसियों को पर्याप्त राहत सामग्री का भंडार रखने और इसके वितरण में तेजी लाने को कहा।

भूगर्भीय सर्वेक्षण रिपोर्ट–पौड़ी

उधर, पौड़ी गढ़वाल के आपदाग्रस्त क्षेत्रों के भूगर्भीय सर्वे के लिए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। यह टीम आपदा प्रबंधन विभाग के साथ मिलकर भूगर्भीय सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करेगी और भविष्य में आपदाओं से बचाव के सुझाव देगी।

जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि हाल की भारी बारिश से बाधित सड़क, बिजली और पेयजल आपूर्ति को बहाल करने और प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने का कार्य जारी है। प्रभावित परिवारों को राहत राशि दी गई है, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ठहराया गया है और खाद्य व आवश्यक सामग्री वितरित की गई है।

गौरतलब है कि पौड़ी जिले के 338 गांव आपदा से प्रभावित हैं और अब तक 50 लाख रुपए से अधिक का मुआवजा प्रभावितों को वितरित किया जा चुका है। राहत कार्य मिशन मोड में चल रहे हैं।

मौसम

राज्य के विभिन्न हिस्सों में कल दोपहर के बाद से रूक–रूककर बारिश का दौर जारी है। देहरादून सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज सुबह मध्यम से तेज से बारिश हो रही है। इस बीच, राज्य के अधिकतर हिस्सों में आने वाले दिनों में भी बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने आज बागेश्वर में कहीं–कहीं भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसे देखते हुए सभी स्कूलों और आगनवाड़ी केंद्रों में आज अवकाश रहेगा। वहीं, देहरादून, टिहरी, पौड़ी और नैनीताल जिले में भी मूसलाधार बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

कैलाश मानसरोवर यात्रा

कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पांचवां और अंतिम दल कल गूंजी पहुंचा। 50 सदस्यों वाले इस दल में 37 पुरुष और 13 महिलाएं शामिल हैं। यह जत्था शनिवार रात साढ़े 10 बजे पिथौरागढ़ पहुंचा था, जहां केएमवीएन में रात्रि विश्राम के बाद कल सुबह साढ़े 7 बजे गूंजी के लिए रवाना हुआ।

दल के साथ लाइजनिंग अधिकारी मनु महाराज और ओम प्रकाश यात्रा संचालन और समन्वय संभाल रहे हैं। इस बीच चौथा दल लिपुलेख दर्रे से चीन की सीमा में प्रवेश कर अपने अगले पड़ाव की ओर बढ़ चुका है। जिला प्रशासन यात्रा की लगातार निगरानी कर रहा है।

एमओयू हस्ताक्षरित

उत्तराखंड में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और सरकारी स्कूलों में आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विद्यालयी शिक्षा विभाग और शैलहरी धरोवर ट्रस्ट के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत ट्रस्ट, स्मार्ट क्लासरूम, लाइब्रेरी, साइंस लैब, कौशल शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य शिविर जैसी पहल करेगा और कुछ गांवों को गोद लेकर उन्हें आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करेगा।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- उत्तरकाशी के धराली और हर्षिल में आपदा के बाद पेयजल, खाद्यान्न, बिजली सहित अन्य सुविधाएं बहाल करने का कार्य जारी।
- गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर लिमच्यागाड़ में आपदा से क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर बेली ब्रिज का निर्माण पूरा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धराली आपदा में क्षतिग्रस्त निजी और सार्वजनिक संपत्ति के आकलन को सात दिन में तैयार करने के निर्देश दिए।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज भारी बारिश की संभावना।
- कैलाश मानसरोवर यात्रियों का पांचवां और अंतिम दल गूंजी पहुंचा।